प्रकाशनार्थ

07 अप्रैल, 2024 गोरखपुर

गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा, जटाशंकर, गोरखपुर एंव गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन जटाशंकर स्थित गुरूद्वारा परिसर में किया गया।

रक्तदान शिविर के बारे में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने कहा कि वे सर्वप्रथम गुरूद्वारा कमेटी के प्रति खुशी व्यक्त करते हुए धन्यवाद देते हैं की रक्तदान के लिए कमेटी प्रत्येक माह में गुरूद्वारा परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा।

उन्होंने कहा की युवाओं में रक्तदान को लेकर बहुत सारी भ्रंातियां दूर हो रही हैं और वह अब रक्तदान के प्रति जागरूक हो गए हैं, स्वंय भी रक्तदान कर रहे हैं और लोगों को प्रेरित भी करते है। यह मानवता के लिए एक अच्छा संदेश है।

वहीं गुरूद्वारा के अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह जी ने कहा अब कमेटी ने तय किया है कि प्रत्येक माह में जटाशंकर गुरूद्वारा कमेटी अपने परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी। यह कार्य होने से एक युनिट ब्लड से तीन जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने शिविर में जागरूकता के लिए उपस्थित रक्तदाताओं से कहा की रक्तदान करने से स्वंय का शरीर भी स्वस्थ रहता है और कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है। ऐसे में समय-समय पर रक्तदान अवश्क ही करते रहना चाहिए । उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के सदस्य जगनयन सिंह जी ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

आज के रक्तदान शिविर में डॉ सौरभ पाण्डेय, मालकीत सिंह, अनशुमान मिश्रा, समिर पाण्डेय, मनी, नितिन कुमार, मोहन लाल, सुरज कुमार मौर्या सहित लगभग 25 लोगों ने रक्तदान किया।

आज के रक्तदान शिविर में,

ब्लड बैंक के टेक्नीशियन सतीश, संदीप यादव, निधि नायक, आदि उपस्थित रहे और उन्होंने रक्तदान शिविर को संपन्न कराया।